दैनिक चम्बल संदेश

# कर्मचारियों के लिए लॉन्च होगी मुख्यमंत्री राज्य कर्मचारी आवासीय योजना

## आवासन मंडल का बड़ा तोहफाः प्रदेश के 11 शहरों में शुरू की जाएंगी 17 आवासीय योजनाएं

**संदेश न्यूज। जयपुर/कोटा.** आवासन मंडल द्वारा प्रदेश के कर्मचारियों और आमजन को बड़ा तोहफा देते हुए जयपुर के प्रताप नगर में मुख्यमंत्री राज्य कर्मचारी आवासीय योजना और प्रदेश के 11 शहरों में 17 आवासीय योजनाएं लॉन्च करने का निर्णय लिया है।

आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि इन योजनाओं की लॉन्चिंग एक माह के भीतर मुख्यमंत्री से करवाई जाएगी। अरोड़ा ने बताया कि कोरोना संक्रमण के इस दौर में प्रत्येक व्यक्ति का सपना है कि उसका अपना घर हो। उनके इस सपने को साकार करने के लिए मंडल द्वारा प्रत्येक वर्ग की जरूरतों के हिसाब से उचित कीमत पर आवासीय योजना तैयार की गई हैं।

**जयपुर के प्रताप नगर में लॉन्च होगी आवासीय योजनाः** अरोड़ा ने बताया कि कर्मचारियों को उचित कीमत पर आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जयपुर के प्रताप नगर स्थित सेक्टर 26 में मुख्यमंत्री राज्य कर्मचारी आवासीय योजना लांच की जाएगी। इस योजना में प्रत्येक स्तर के कर्मचारियों की आवश्यकतानुसार कुल 674 फ्लैट्स निर्मित किए जाएंगे।